GIRLS’ HIGH SCHOOL & COLLEGE, PRAYAGRAJ
SESSION-2020-2021
CLASS-IXth A,B,C,D,E
SUBJECT-HINDI
ASSIGNMENT-02

निर्देश- अभिभावकों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि छात्रा पाठ से सम्बन्धित दिये गये विडियो के लिंक ―――――――――――――

(1) https://youtu.be/cDkkHO9XLFI

(2) https://youtu.be/KULBWPns9Ng

पर क्लिक करे।

छात्रा विडियो से सम्बन्धित पाठ का पाठ्य - पुस्तक से विस्तार से अध्ययन करे, स्मरण करे और नीचे दिए गए अभ्यास- कार्य को हल करे। पूरा किया गया अभ्यास- कार्य डाउनलोड करे और अभ्यास-पुस्तिका पर चिपकाए/नत्थी करे तथा अभ्यास- पुस्तिका को तैयार रखे। जमा करने की तिथि तथा प्रक्रिया की सूचना विद्यालय द्वारा दी जाएगी।

‘हिन्दी व्याकरण’
विषयवस्तु - ‘पत्र’

प्रश्न-1- निम्नलिखित विषय पर हिन्दी में 120 शब्दों में पत्र लिखिए-

(i) प्रतिदिन बढ़ते हुए जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर-पालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखिए जिसमें वर्षा-जल-संचयन (Rain water harvesting) के व्यापक स्तर पर परियोजना चलाने का सुझाव दिया गया हो ।

‘हिन्दी साहित्य’

‘महायज्ञ का पुरस्कार’

लेखक- यशपाल

नोट- अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्रश्न-1- "सेठ जी,यज्ञ खरीदने के लिए तो हम तैयार हैं, पर आपको अपना महायज्ञ बेचना पड़ेगा । "

(i) वक्ता कौन है ? उपर्युक्त कथन सुनकर सेठ जी को क्यों लगा कि उनका मज़ाक उड़ाया जा रहा है ?

(ii) सेठानी के अनुसार सेठ जी ने कौन-सा महायज्ञ किया था ?

(iii) सेठानी की बात सुनकर यज्ञ बेचने आए सेठजी की क्या प्रतिक्रिया हुई।

(iv) यज्ञ बेचने आए सेठ जी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न-2- "वह मुँह उठाकर सेठ की ओर देखने लगा। उसकी आँखों में कृतज्ञता थी।"

(i) कौन मुँह उठाकर किसे और कब देखने लगा ? समझाकर लिखिए ।

(ii) उसकी आँखों में कृतज्ञता क्यों थी ? 'कृतज्ञता' का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए बताइए कि यह भाव कब और क्यों आता है ?

(iii) कृतज्ञ होने वाले जीव की किसने व कब सहायता की ? उन्हें ऐसा करने पर क्या प्राप्त हुआ ?

(iv) कहानी के मुख्य उद्देश्य को कहानी का सन्दर्भ देकर लिखिए।

प्रश्न-3- "सेठ ने आद्योपांत सारी कथा सुनाई। सुनकर सेठानी की सारी वेदना जा ने कहाँ विलीन हो गई ।"

(i) सेठ जी को खाली हाथ वापिस आते देखकर सेठानी को कैसा लगा ?

(ii) आद्योपांत का शाब्दिक अर्थ बताते हुए लिखिए कि सेठ जी को कथा क्यो सुनानी पड़ी ?

(iii) वेदना से आप क्या समझते हैं ? सेठानी को वेदना क्यों हुई ? यदि आप के साथ ऐसी घटना घटती तो आपको कैसा महसूस होता? समझाकर लिखिए ।

(iv) 'महायज्ञ का पुरस्कार ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

------END ------